## PANEL 2 एजूकेशनः पाथ ए हेड

दैनिक जागरण आई नेस्ट 30/05/2026




कॉन्क्लेव का दूसरा सेशन एजूकेशन पर हुआ. इसमें सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के प्रो. वीसी सुधीर कुमार, सीएसए एग्रीकल्चरल एंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता, एआईटीडी की डायरेक्टर डॉ. रचना अस्थाना, डीजी कॉलेज की ज्योग्राफी डिपार्टमेंट की एचओडी संगीता सिरोही ने पार्टिसिपेट किया. पैनलिस्ट्स ने एजूकेशन की फील्ड में बीते वर्षों में हुए बदलाव, नए कोर्सेस, एआई की उपयोगिता के साथ साथ भविष्य की जरूरतों के मुताबिक तैयारियों के बारे में बताया. सेशन को मॉडरेट किया दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के डिप्टी एडिटर सौरभ सुमन ने.


### हम हर डिग्री को कौशल से जोड़ेंगे



यूनिवर्सिटी को नैक ++ की मान्यता मिलने से स्टूडेंट्स का भरोसा बढ़ा है. अब यहां क्वालिटी एजूकेशन पर बात होती है. यूनिवर्सिटी जिस तरह ह्यूमन इंटैलीजेंस पर भरोसा करती है उसी तरह एआई पर भी भरोसा करना होगा. यूनिवर्सिटी अपने नॉलेज सिस्टम को भी अपनाते हुए आगे बढ़कर स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास कर रही है. यहां डिग्री के साथ कौशल और नैतिक मूल्यों को भी सिखाया जा रहा है. हर डिग्री को कौशल से जोड़ने का प्रयास कर रहे है. कोर्सेज को अपग्रेड करते हुए भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है.

**प्रो. सुधीर कुमार**, प्रो वीसी, सीएसजेएमयू

### एंटरप्रेन्योरशिप के लिए रेडी कर रहे यूथ



सीएसए की स्थापना वर्ष 1900 में पड़े अकाल के बाद की गई थी. यहां ऐसे शोध हुए जिन्होंने देश को खाद्यान संकट से उबारा. अब सीएसए वो यूनिवर्सिटी नहीं रही जहां सिर्फ खेती-किसानी की बात होती है. यहां विदेशों से स्टूडेंट्स आ रहे हैं. स्टार्टअप्स को प्रमोट कर ऐसे कोर्सेज चलाए जा रहे हैं जिनसे माध्यम से एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स का पूरे वर्ल्ड में एक्सपोर्ट संभव हो सका है. स्टूडेंट्स को फास्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम अवेलेबल हो रहा है जो मौसम से लेकर अलग-अलग तरह की जानकारियां उपलब्ध हो रही हैं.

**डॉ. संजीव गुप्ता**, वीसी, सीएसए यूनिवर्सिटी

### टेक्नोलॉजी के साथ सोशल वैल्यूज भी



संस्थान का लक्ष्य ऐसे कुशल स्टूडेंट्स तैयार करना है जो टेक्निकली साउंड होने के साथ सोशल वैल्यूज से भी जुड़े हों. इंस्टीट्यूट प्रदेश के नॉमिनेटेड इंस्टीट्यूशंस में से एक है. हमने मॉडर्न एजुकेशन सिस्टम अपनाया है. इंडस्ट्री की डिमांड के मुताबिक कई नए कोर्सेस शुरू किए हैं. एआई के इम्पैक्ट के बाद एजुकेशन सिस्टम में चेंज आया है. स्किल्स के साथ एआई की भी नॉलेज स्टूडेंट्स के लिए ज़रूरी हो गई है. इंस्टीट्यूट में सामान्य और स्पेशल स्टूडेंट्स को समान अवसर देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में रखा जा रहा है.

**डॉ. रचना अस्थाना**, डायरेक्टर एआईटीडी

### जॉब सीकर नहीं जॉब मेकर बनें



एजुकेशन वर्ल्ड बहुत तेजी से बदल रहा है. इंडस्ट्री में नए-नए कोर्सेज आ रहे हैं लेकिन पुराने कोर्सेज को बंद करने का निर्णय ठीक नहीं है. पारंपरिक सब्जेक्ट्स जैसे होम साइंस, बीएससी और बीकॉम को लेकर स्टूडेंट्स में घट रही रुचि के पीछे वजह ये है कि आज की पीढ़ी का मानना है, इन कोर्सेज को पढ़कर जॉब नहीं मिल सकती. एआई अभी इनीशियल स्टेज में है, भविष्य में इसका इम्पैक्ट और ज्यादा होगा. इसे अवसर के रूप में देखना चाहिए. यूथ को ऐसा तैयार करें कि वो जॉब सीकर नही जॉब मेकर बनें.

**डॉ. संगीता सिरोही**, HOD ज्योग्राफी, डीजी कॉलेज

दैनिक जागरण 30/05/2026

# मूल्यांकन कार्य पूरा कर घोषित करें परिणाम



सीएसए में दीक्षा समारोह की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक को संबोधित करते कुलपति डा. संजीव गुप्ता • सीएसए

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 10 जुलाई को प्रस्तावित 28वें दीक्षा समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गईं हैं। विश्वविद्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को कुलपति डा. संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा कर परिणाम जल्द घोषित करने पर जोर दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27वें दीक्षा समारोह के दौरान गठित कमेटी को ही इस बार भी आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कमेटी में नए सदस्य शामिल करने पर भी सहमति बनी। कुलपति ने संबंधित अधिकारियों को सभी जरूरी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने और दीक्षा समारोह को अनुशासित ढंग से पूर्ण कराने व प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य उच्चस्तरीय मानकों के अनुरूप निर्धारित समय में पूरे किए जाएं।

# सत्य का असर समाचार पत्र

Saturday 30th May 2026 | jksingh.hardoi@gmail.com | website: ?????? ???? 9956834016

## कानपुरः चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज, 10 जुलाई को आयोजन, कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने की समीक्षा बैठक।

### कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा कर परिणाम जल्द घोषित करने पर जोर




कानपुर कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता द्वारा की गई समीक्षा बैठक

**पत्रकार जितेंद्र कुमार सिंह पटेल**
**सत्य का असर समाचार पत्र कानपुर**

कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार कक्ष में कुलपति डॉ संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक में 10 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि 27वें दीक्षांत समारोह के दौरान गठित कमेटी को ही इस बार भी आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। हालांकि आयोजन को प्रभावी बनाने के लिये कुछ नये सदस्यों को भी कमेटी में शामिल करने पर सहमति बनी। कुलपति ने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा कर परिणाम जल्द घोषित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह को अनुशासित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराया जाए। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।डॉ गुप्ता ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य उच्च स्तरीय मानकों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन है, इसलिए लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अर्थनियंत्रक संजय राय सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने दीक्षांत समारोह की रूपरेखा, डिग्री वितरण, मेडल चयन और अतिथियों के स्वागत संबंधी तैयारियों की जानकारी कुलपति को दी।गौरतलब है कि CSA विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह हर साल जुलाई में आयोजित होता है। इसमें कृषि, पशु चिकित्सा और गृह विज्ञान संकाय के हजारों छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाती हैं। इस बार 10 जुलाई को होने वाले 28वें दीक्षांत समारोह में भी बड़ी संख्या में छात्र शामिल होंगे।रिपोर्ट: जितेंद्र कुमार सिंह पटेल सत्य का असर समाचार पत्र, कानपुर नगर संपर्क: 9956834016

DT दीनार टाइम्स



# सीएसए के 28वें दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने की समीक्षा बैठक



संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार कक्ष में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में आगामी 10 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27वें दीक्षांत समारोह के दौरान गठित कमेटी को ही इस बार भी आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही आयोजन को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कुछ नए सदस्यों को भी समिति में शामिल करने पर सहमति बनी। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। उन्होंने परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा कर परिणाम जल्द घोषित करने पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में दीक्षांत समारोह को अनुशासित, गरिमामय एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश भी दिए गए। कुलपति ने विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य उच्च स्तरीय मानकों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह भव्य एवं यादगार बन सके। बैठक में अर्थनियंत्रक संजय राय सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे।



# लोक जनसंदेश

वर्ष: 11 अंक: 353 पृष्ठ: 08 कानपुर महानगर, रविवार, 30 मई 2026 मूल्य : रु 2.00

## सीएसए के 28वें दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने की समीक्षा बैठक



**संवाददाता**

**कानपुर।** कंप्यूटर नगर, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गयी हैं।शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार कक्ष में कुलपति डॉ संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27वें दीक्षांत समारोह के दौरान गठित कमेटी को ही इस बार भी आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। हालांकि आयोजन को और प्रभावी बनाने के लिये कुछ नये सदस्यों को भी कमेटी में शामिल करने पर सहमति बनी।कुलपति ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा कर परिणाम जल्द घोषित करने पर भी जोर दिया गया। कुलपति ने दीक्षांत समारोह को अनुशासित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य उच्च स्तरीय मानकों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक में अर्थनियंत्रक संजय राय सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे।

हिंदुस्तान 30/05/2026



# मूल्यांकन में तेजी लाएं, समय पर रिजल्ट

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) का 28वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को है। शुक्रवार को कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने तैयारी बैठक की। बैठक में परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा कर परिणाम जल्द घोषित करने पर भी जोर दिया गया। दीक्षांत में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने पर भी सुझाव मांगे गए। अर्थ नियंत्रक संजय राय आदि रहे।

अमर उजाला 30/05/2026

बताया कि केंद्रों पर मोबाइल, स्मार्ट ...

उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। (ब्यूरो)

# सीएसए: दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गईं हैं। शुक्रवार को कुलपति सभागार कक्ष में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि 27वें दीक्षांत समारोह के दौरान गठित कमेटी को ही इस बार भी आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। (ब्यूरो)

बहुभाषी दैनिक समाचार पत्र

कानपुर से प्रकाशित

E-mail :- deekshalayapravah@gmail.com

# दीक्षालय प्रवाह

RNI number-upmul-2023/88378

वर्ष : 03 अंक : 310 कानपुर, 30 मई, 2026 पेज-8 मूल्य : 3 रुपये

> पढ़ें पेज 3 पर

## सीएसए के 28वें दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने की समीक्षा बैठक

**(संवाददाता दीक्षालय प्रवाह)**

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गयी हैं।शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार कक्ष में कुलपति डॉ संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी।बैठक में निर्णय लिया गया कि 27वें दीक्षांत समारोह के दौरान गठित कमेटी को ही इस बार भी आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। हालांकि आयोजन को और प्रभावी बनाने के लिये कुछ नये सदस्यों को भी कमेटी में शामिल करने पर सहमति बनी।कुलपति ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा कर परिणाम जल्द घोषित करने पर भी जोर दिया गया। कुलपति



ने दीक्षांत समारोह को अनुशासित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य उच्च स्तरीय मानकों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक में अर्थनियंत्रक संजय राय सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे।

WORLD खबर एक्सप्रेस

पेज 14




अश्विनी अय्यर तिवारी की 'सिस्टम' बनी प्राइम वीडियो...

ess.media | www.worldkhabarexpress.com | Daily Evening E-Paper | शुक्रवार 29 मई, 2026, अंक : 928

# सीएसए विश्वविद्यालय में 10 जुलाई को होगा 28वां दीक्षांत समारोह

## तैयारियों को लेकर कुलपति ने की समीक्षा बैठक

## आयोजन को भव्य और अनुशासित बनाने पर जोर मूल्यांकन कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश



कानपुर (वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस)। Chandra Shekhar Azad University of Agriculture and Technology में प्रस्तावित 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें 10 जुलाई को होने वाले दीक्षांत समारोह की व्यवस्थाओं और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पिछले 27वें दीक्षांत समारोह के दौरान गठित समितियों को ही इस बार भी आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। हालांकि कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कुछ नए सदस्यों को भी समितियों में शामिल करने पर सहमति बनी।

कुलपति ने सभी संबंधित अधिकारियों और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि दीक्षांत समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन की गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रत्येक समिति अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करे।

बैठक में विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था और मूल्यांकन कार्य की भी समीक्षा की गई। कुलपति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूल्यांकन प्रक्रिया जल्द पूरी कर परीक्षाफल समय पर घोषित किए जाएं, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके अलावा प्रवेश प्रक्रिया को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय मानकों के अनुरूप संचालित की जाएं और छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

बैठक में अर्थ नियंत्रक संजय राय सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष और प्रोफेसर मौजूद रहे। अधिकारियों ने दीक्षांत समारोह को सफल एवं भव्य बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत किए।